कार्यालय, आयुक्त उच्च शिक्षा, मध्य प्रदेश शासन,
सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004

क्रमांकः 865 /99/आउशि/शा–5'अ'/2022, भोपाल, दिनांक 18/06/2022

प्रति,

1. कुलसचिव,
समस्त विश्वविद्यालय,
मध्यप्रदेश।

2. प्राचार्य,
समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/निजी अशासकीय महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश।

विषय– अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने एवं जारी एप के माध्यम से फोटो अपलोड करने बाबत।

संदर्भ–1. कार्यालयीन पत्र क्रमांक 848–849/99/आउशि/शा–5'अ'/2022,दिनांक 13.06.2022
2. कार्यालयीन पत्र क्रमांक 852–853/99/आउशि/शा–5'अ'/2022,दिनांक 16.06.2022

—0—

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रों के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के संबंध में समस्त कुलसचिव एवं प्राचार्य राज्य, जिला, विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय स्तर पर उच्च शिक्षा विभाग एवं आयुष विभाग के निर्देशों के अनुसार योगाभ्यास सहित विविध कार्यक्रम आयोजित कर सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किये गये हैं।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसके अन्तर्गत योगासन करते हुए अपनी एक तस्वीर साझा करें। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अपनी योगासन की तस्वीर **mp.mygov.in** पर शेयर करें। महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को योगासन की तस्वीर अपलोड करने हेतु प्रोत्साहित करें। योगासन संबंधी तस्वीर अपलोड करने पर माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन के हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण–पत्र एप के माध्यम से प्राप्त होगा।

संलग्न–उपरोक्तानुसार,
(आयुक्त,उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

18/6/22
(डॉ. धीरेन्द्र शुक्ल)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

YC/382
21/6/22

DSW/कुलानुशासक
21/6/22

पृ. क्रमांकः 866 /99 /आउशि/शा–5'अ'/2022, भोपाल, दिनांक 18 /06/2022

प्रतिलिपिः–

1. उप सचिव, माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय, म.प्र. शासन, मंत्रालय,भोपाल।
2. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
3. स्टॉफ ऑफिसर, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग,मंत्रालय ,भोपाल।
4. निज सहायक,आयुक्त,उच्च शिक्षा संचालनालय,सतपुड़ा भवन,भोपाल।
5. स्टॉफ ऑफिसर, प्रमुख सचिव, आयुष विभाग, मंत्रालय ,भोपाल।
6. निज सहायक, कुलपति समस्त विश्वविद्यालय,मध्यप्रदेश।
7. सचिव, निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, मध्यप्रदेश।
8. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश।

—— सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 मनाने के लिए योगासन करते हुए अपनी तस्वीरें साझा करें और मुख्यमंत्री जी से ई - सर्टिफिकेट प्राप्त करें

योग के प्रति जागरूकता लाने mp.mygov.in की प्रतियोगिता में योगासन की तस्वीरें करें साझा करें और ई-सर्टिफ़िकेट प्राप्त करें।

योग मनुष्य की मानसिक, शारीरिक और अध्यात्मिक ऊर्जा को बढ़ाता है। योग जीवन में स्थिरता प्रदान करता है, साथ ही तनाव को दूर करने, कार्य-उत्पादकता में सुधार लाने, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने आदि के लिए बहुत उपयोगी है। योग के महत्व को बताने और लोगों में इसके प्रति जागरूकता लाने के लिए हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।

इस साल इसकी थीम है - मानवता के लिए योग (Yoga for Humanity)

हम सभी को अपनी दिनचर्या में योग अपनाने और दूसरो को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इसी उद्देश्य को लेकर म.प्र. शासन द्वारा mp.mygov.in पोर्टल पर 20 जून से एक प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 पर योगासन करते हुए अपनी एक तस्वीर (photo) साझा करें, साथ ही इसके फायदे बताएं और योग अपनाने हेतु दूसरों को प्रोत्साहित करें।

- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले चयनित प्रतिभागियों को विभाग की ओर से माननीय मुख्यमंत्री जी के हस्ताक्षरयुक्त डिजिटल प्रमाण पत्र दिया जाएगा।
- आपको अपनी योगासन की फोटो कमेंट सेक्शन में jpg / png / pdf फार्मेट में अपलोड करनी होगी।
- mp.mygov.in पर फोटो अपलोड करने की अंतिम तिथि 30 जून 2022 है।


Submit Your Favorite Aasana
mp.mygov.in